**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 15.04.2025 समय : 1905

<><><><><><>

- भारत से हज़ यात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों का कोटा बढ़ाकर इस वर्ष एक लाख पचहत्तर हजार कर दिया गया है।
- वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीकरण शुरू हो गए हैं।
- श्री विजयपुरम में अट्ठाईस अप्रैल से दो मई तक सर्किट कोर्ट लगेगी।
- खेल एवं युवा मामले विभाग की ओर से ओपन पुरुष वर्ग के लिए "खेल विभाग फुटबॉल टूर्नामेंट" का आयोजन।

<><><><><><>

भारत से हज़ यात्रा पर जाने वाले तीर्थयात्रियों का कोटा बढ़ाकर इस वर्ष एक लाख पचहत्तर हजार कर दिया गया है। दो हजार चौदह में यह संख्या एक लाख छत्तीस हजार थी। सोशल मीडिया पोस्ट में अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने बताया कि वह भारत की हज़ समिति के माध्यम से मुख्य कोटा के तहत एक लाख बाइस हजार से ज्यादा तीर्थयात्रियों की यात्रा का प्रबंध कर रहा है। मंत्रालय ने बताया है कि सउदी अरब के दिशा–निर्देशों के अनुरूप उड़ान, परिवहन, मीना शिविर, रहने की व्यवस्था और अन्य सेवाओं सहित सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंत्रालय ने बताया है कि बाकी कोटे में आने वाले तीर्थयात्रियों की यात्रा के प्रबंध का जिम्मा निजी टूर ऑपरेटरों को दिया गया है।

<><><><><><>

वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीकरण कल से शुरू हो गए हैं। तीर्थयात्री श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से बावन दिवसीय आगामी यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। पंजीकरण देश भर में पांच सौ चालीस से अधिक अधिकृत बैंक शाखाओं और पंचायत भवन, वैष्णव धाम और महाजन हॉल जैसे निर्दिष्ट केंद्रों पर भी कराया जा सकता है। सभी तीर्थयात्रियों के लिए पंजीकरण अनिवार्य है और ऊंचाई वाले दुर्गम पथ के लिए स्वास्थ्य की पुष्टि करने के लिए अधिकृत चिकित्सा निकाय द्वारा जारी अनिवार्य स्वास्थ्य प्रमाणपत्र की आवश्यकता होती है। यात्रियों की संख्या का प्रबंधन करने के लिए, प्रति दिन केवल लगभग पन्द्रह हजार यात्रियों को ही अनुमति दी जाएगी। प्रत्येक तीर्थयात्री के लिए पंजीकरण शुल्क दो सौ बीस रुपये है। सभी तीर्थयात्रियों के लिए रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन या आर एफ आई डी कार्ड अनिवार्य है।

<><><><><><>

विश्व ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट समिट–वेव्स बाज़ार का लक्ष्य वैश्विक मनोरंजन पारिस्थितिकी तंत्र में पेशेवरों, व्यवसायों और रचनाकारों को जोड़ने के लिए एक क्रांतिकारी ऑनलाइन बाज़ार बनना है। बॉलीवुड अभिनेता आमिर खान ने कहा कि वेव्स बाज़ार मीडिया और मनोरंजन उद्योग के लिए मुख्य व्यावसायिक केंद्र के रूप में काम करने का प्रयास करता है, जिससे पेशेवरों को अपनी पहुँच का विस्तार करने, नए अवसरों की खोज करने और बहु–मूल्य साझेदारी में शामिल होने में मदद मिल सके। सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए आमिर खान ने कहा कि भारत, वेव्स और वेव्स बाज़ार के माध्यम से वैश्विक मनोरंजन समुदाय के लिए अधिक सहयोगी और समावेशी भविष्य बनाने की दिशा में साहसिक कदम उठा रहा है।

<><><><><><>

केन्द्रीय प्रशासनिक अधिकरण की कलकत्ता बेंच की ओर से श्री विजयपुरम में अट्ठाईस अप्रैल से दो मई तक सर्किट कोर्ट लगेगी। इसमें नए आवेदन भी स्वीकार किए जाएंगे। जिन विभागों के मामले कैट के समक्ष विचाराधीन है, उन्हें सरकारी वकील से दस्तावेजों के साथ संपर्क करने को कहा गया है। विभागाध्यक्षों से भी कहा गया है कि वे सुनवाई के दिन जरूरी दस्तावेजों के साथ अपने नोडल अधिकारियों को कैट में उपस्थित रहने का निर्देश दें।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीप समूह के असम एसोसिएशन, की ओर से कल श्री विजयपुरम के ब्रिचगंज में रोंगाली बिहू का आयोजन किया गया। समारोह की शुरुआत बिहू समारोह समिति के अध्यक्ष बिमन चंद्र बोरा द्वारा झंडा फहराकर किया गया। डॉ. सीमांत कुमार डेका के नेतृत्व में जातीय संगीत और शहीद तर्पण का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में डॉ. दीपोन शर्मा ने इन सुदूर द्वीपों में बिहू मनाने के महत्व पर प्रकाश डाला। बच्चों के लिए पारंपरिक खेलों का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा की बैठक भी आयोजित की गई। बैठक में नई समिति का गठन किया गया, जिसमें डॉ. दीपोन शर्मा को अध्यक्ष, विकास दास को उपाध्यक्ष और तपस्या राय को सचिव चुना गया।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान ज़िला परिषद के चौथे वर्ष के कार्यकाल के लिए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव के लिए सभी निर्वाचित सदस्यों की बैठक आठ मई को आयोजित की जाएगी। बैठक ज़िला परिषद के सम्मेलन कक्ष में सुबह दस बजे रखी गई है।

<><><><><><>

खेल एवं युवा मामले विभाग की ओर से जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय के फुटबॉल मैदान में कल से ओपन पुरुष वर्ग के लिए "खेल विभाग फुटबॉल टूर्नामेंट–दो हजार पच्चीस" का आयोजन किया जाएगा। टूर्नामेंट का उद्घाटन कल शाम पांच बजे आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में सभी मैच निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार खेले जाएंगे। इस टूर्नामेंट में कुल चौबीस टीमें भाग ले रही हैं। सभी पंजीकृत टीमों को टीम जर्सी के साथ उद्घाटन समारोह में उपस्थित होने को कहा गया है ।

<><><><><><>

शिक्षा निदेशालय और खेल एवं युवा मामले विभाग अंडमान निकोबार शतरंज संघ के सहयोग से, द्वीपसमूह में पहली बार फिडे रैपिड रेटिंग ओपन शतरंज टूर्नामेंट– 'अंडमान–निकोबार शतरंज महासंग्राम दो हजार पच्चीस' का आयोजन करने जा रहा है। यह टूर्नामेंट उन्नीस और बीस अप्रैल, को नेताजी स्टेडियम में खुले मैदान में फ्लडलाइट्स के नीचे आयोजित होगा। यह प्रतियोगिता सभी खिलाड़ियों के लिए खुला है, जिससे प्रतिभागियों को आधिकारिक फिडे रैपिड रेटिंग प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन की ओर से आज श्री विजयपुरम में बेदखली अभियान चलाया गया। यह निर्णय शत्रु संपत्ति अधिनियम के प्रवर्तन और सार्वजनिक संपत्तियों की सुरक्षा में एक मील का पत्थर साबित होगा। यह अभियान अबरडीन बाजार गांव में चलाया गया, जहां तीन मंजिला इमारत को राजस्व विभाग, स्थानीय पुलिस कर्मियों और अन्य संबंधित अधिकारियों के समन्वय से नष्ट किया गया। उचित सत्यापन और दस्तावेजीकरण के बाद पहचान की गई अतिक्रमित संपत्ति को शत्रु संपत्ति अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई करते हुए अनधिकृत कब्जे से मुक्त कराया गया। प्रशासन ने आम जनता से ऐसी अवैध गतिविधियों से दूर रहने की सलाह दी है।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार प्रशासन, भारतीय समुद्री विश्वविद्यालय चेन्नई में स्नातक कार्यक्रमों में स्थानीय उम्मीदवारों के लिए आरक्षित सात सीटों के लिए सामान्य प्रवेश परीक्षा आयोजित करेगा। परीक्षा सत्रह मई को सुबह दस बजे से डॉ. बी.आर. अंबेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में आयोजित किया जाएगा। परीक्षा के लिए सत्रह से पच्चीस वर्ष आयु वर्ग के उम्मीदवार का बारहवीं के साथ भौतिकी, रसायन विज्ञान, गणित में से किसी भी परीक्षा में साठ प्रतिशत अंक के साथ पास होना अनिवार्य है। आवेदन फार्म संबंधित विभाग से कल से जारी किए जाएंगे। आवेदन नौ मई शाम तीन बजे तक जमा किए जा सकते हैं। हॉल टिकट तेरह से पन्द्रह मई के बीच शाम चार बजे तक जारी किए जाएंगे। अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार समुद्री अनुभाग से किसी भी कार्य दिवस में संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><>

श्री विजयपुरम के दूरदर्शन केंद्र की ओर से कल ''तनाव और चिंता–लक्षण और उपचार'' विषय पर लाइव फोन–इन कार्यक्रम 'डॉक्टर्स स्पीक' का प्रसारण किया जाएगा। न्यूरो साइकियाट्रिस्ट डॉ. मितेश बिहारी विशेषज्ञ के रूप में दर्शकों के प्रश्नों का उत्तर देंगे। कार्यक्रम कल शाम साढ़े पांच बजे प्रसारित होगा। दर्शक फोन नंबर दो चार चार सात चार पांच या दो चार पांच छः छः दो पर डायल कर अपने प्रश्न पूछ सकते हैं।

<><><><><><>